## एक नजर

### बच्चों को दलहन अन्न के प्रति किया जागरूक

बदायूं। मदर एथीना स्कूल में शनिवार को विश्व दलहन दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों को शिक्षकों द्वारा दलहन अन्न के प्रति जागरूक किया। शिक्षक खुशबू ने बच्चों को बताया कि उन्हें भोजन में उचित मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने बच्चों को संतुलित आहार लेने की सलाह दी। कहा कि उन्हें अधिक से अधिक दालों के विषय में जानने के साथ ही उनका सेवन करना चाहिए।

### बुर्रा फरीदपुर में देवी जागरण आज

उझानी। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बुर्रा फरीदपुर में 11 फरवरी को विशाल देवी जागरण होगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भक्तों से पहुंचने की अपील की गई है। रेलवे स्टेशन के निकट गांव बुर्रा फरीदपुर शिव धाम पर रात दस बजे से विशाल देवी जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भक्तों से पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गयी है। कार्यक्रम के मुख्य कार्यकर्ता मुकेश गुप्ता ने बताया कि विशाल देवी जागरण में बाहर से भी लोग आ रहे हैं।

# अव्यवस्था: सड़कों पर कहीं ई-रिक्शा तो कहीं दुकानदारों का कब्जा

## ई-रिक्शा और ठेले वालों की वजह से सिमट कर रह गई हैं सड़कें, सड़कों पर अतिक्रमण की वजह से लोगों को आवागमन में होती है परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


शहर के तोताराम मार्केट में अतिक्रमण से लगा जाम।


बाबूराम मार्केट में सड़क पर रखा सामान।


इंद्रा चौक पर अतिक्रमण से जाम की स्थिति।


पुलिस लाइन चौराहे पर खड़े टेंपो से लगा जाम।

**अमृत विचार:** शहर की सड़कों पर ई-रिक्शा व ठेले वालों के साथ दुकानदारों का कब्जा है। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। 11 मीटर चौड़ी कॉलेज सड़क पर पांच मीटर में ठेले व ई-रिक्शा का कब्जा रहता है। कुछ कहने पर वह लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। शनिवार को शहर बाबूराम मार्केट, तोताराम मार्केट, इंदिरा चौक और पुलिस लाइन चौराहे की, जो तस्वीर सामने आई। उससे शहर में अतिक्रमण के बीच सड़कें सिकुड़ती हुई नजर आईं। लोगों को जाम के झाम से कई बार दो चार होना पड़ा।

शनिवार को दोपहर के समय छह सड़का की ओर जाने वाले बाजार से पूर्व तोताराम मार्केट में ई-रिक्शा की वजह सड़क पर जाम की स्थिति दिखी। यहां सड़क की चौड़ाई 11 मीटर है, लेकिन ई-रिक्शा के अतिक्रमण से मौके पर सड़क पांच मीटर ही दिखी।

सड़क से गुजरने वाले वाहनों को कुछ देर रुकना पड़ा। सड़क के दूसरी छोर पर दुकानदार भी इस समस्या से परेशान दिखे। सड़क पर करीब 10 से 12 ई-रिक्शा दिखे। कुछ खाली तो कुछ में सवारियां बैठी हुईं थीं। जिसकी वजह से वहां पर जाम की स्थिति बन गई। इसी तरह बाबू राम मार्केट में सड़क पर और भी बुरा हाल देखा गया। आधी से ज्यादा सड़क को दुकानदारों द्वारा सामान रखकर घेर रखा था। जितना सामान उनकी दुकान में था। उससे कहीं अधिक सड़क पर दिख रहा था। गांधी ग्राउंड के पास रोड के दोनों ओर ठेले और खोमचे वालों ने घेर रखी है। जहां हर पल जाम की स्थिति बनी रहती है। इंद्रा चौक से बाबूराम मार्केट तक वन-वे रोड हैं। इस रोड पर दोनों और ठेले और खोमचे वालों के साथ दुकानदारों का कब्जा रहता है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पैदल चलने वाले लोगों को भी इस रोड़ पर चलने में दिक्कत उठानी पड़ती हैं।

पुलिस लाइन चौराहे के स्थिति और भी खराब रहती है। हर समय सड़क के दोनों और टेंपो और ई-रिक्शा का जमावड़ा लगा रहता है। हैरानी की बात है कि इस चौराहे पर यातायात पुलिस तैनात रहती है लेकिन जब रोडवेज बस रुकती है तो आधी से ज्यादा सड़क को ई-रिक्शा चालक घेर लेते हैं। ई-रिक्शा और टेंपो चालकों के साथ दुकानदारों द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण की वजह से शहर की जनता कराह उठती है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट ने शहर के बाहर बनाए थे वाहन स्टैंड

अब से करीब एक साल पूर्व शहर की ऐसी स्थिति नहीं थी। तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा जाम की समस्या को खत्म करने के लिए शहर के बाहर टेंपो स्टैंड बनाए थे। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले टेंपो और ई-रिक्शा उन चयनित स्थानों पर ही रुकते थे। शहर के अंदर जाने पर कार्रवाई होती थी। इसके अलावा कई बार बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान भी चलाया गया था। इसके बाद से सड़कें साफ दिखतीं थीं लेकिन उनके जाने के बाद अब शहर की स्थिति खराब हो गई है। सड़कें अतिक्रमण की वजह से कराह रहीं हैं।

### नाम के रह गए वेंडिंग जोन

तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट के पास नगर पालिका ईओ का भी प्रभार था। उनके द्वारा वन विभाग रोड, डीएम चौराहे के पास, संतोख सिंह तिराहे के पास वेंडिग जोन बनाए गए, जिससे शहर में लगने वाले ठेले खोमचे वालों को एक स्थान मिल सके लेकिन वेंडिंग जोन नाम के रह गए हैं। संतोख सिंह तिराहे के अलावा अन्य स्थान सूने दिखाई देते हैं। ठेले खोमचे वाले वेंडिंग जोन के स्थान पर शहर की सड़कों पर कब्जा जमाए हुए हैं।

अभी हाल ही में मेरे द्वारा चार्ज लिया गया है। ईओ का प्रभार भी मेरे ही पास है। शहर का भ्रमण कर स्थिति को देखा जाएगा। उसके बाद अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की जाएगी।
**- अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी ईओ।

# हर्बल उत्पाद से होगा कैंसर का इलाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आयुष विभाग दिल्ली के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक ने तैयार की दवा
- कहा- जड़ी बूटियों को बड़ी मंडियों में सप्लाई करने की है तैयारी


डॉ. रामस्वरूप सिंह।

**अमृत विचार :** प्रदूषण के बीच आज की दौड़-भाग भरी जिंदगी में इंसान बीमारियों के चक्रव्यूह में फंसता जा रहा है। इसमें कैंसर व दमा जैसे रोग लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इससे निपटने को लोग हर्बल उत्पादों को अपना लें। यह कहना है राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड के पूर्व प्रसार समन्वयक डॉ. रामस्वरूप सिंह का, जिन्होंने इन उत्पादों को बनाकर जिले के बाहर मंडियों परभेजने की तैयारी की है ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि हर्बल औषधियों के प्रयोग से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को जड़ से ठीक किया जा सकता है। इसके लिए हमारे घरों के आंगन में लगाया जाने वाला सदाबहार का पौधा बेहद लाभदायक होता है। इस पौधे पर 1989 में शोध किया गया जिसमें पाया गया कि इसकी जड़ और पत्तियों में सल्फेट नामक तत्व होता है। यह तत्व कैंसर में बेहद लाभकारी साबित हुआ है। इसका टीका भी बनाया गया था जो कैंसर की प्रथम स्टेज पर मरीजों को लगाया जाता है। इसी तरह लहसुन की खेती को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने इसके लाभ से लोगों को परिचित कराया है। कहा कि लहसुन एक रसायन है जो एंटी एजिंग होता है। लहसुन को शहद में मिलाकर खाने से धड़कन सामान्य रहती है। ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है।

लोगों में ताजगी और ऊर्जा बनी रहती है। लहसुन का सेवन करने से जोड़ों के बीच तरल पदार्थ बनता है जिससे कभी भी जोड़ों में दर्द नहीं होता है।

**सरकार से की मांग:** हर्बल औषधियों में प्रयोग होने वाले पौधों में घुंकरू, भृंगराज, अतिबला, घुकरू, गिलोय आदि शामिल हैं, जिनसे जीवन रक्षक दवाएं तैयार की जाएंगी। फिर इन हर्बल उत्पाद को बाहर भेजा जाएगा, जिससे लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकेगा। इसलिए अब घर-घर में लोगों को इन हर्बल पौधों को लगाना चाहिए। सरकार को भी इन पौधों को संरक्षित करने के लिए कदम उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अब तक कई तरह के औषधियों के पौधों से दवाएं तैयार कर चुके हैं जो दूर दूर से लोग लेने आते हैं। औषधीय पौधों को बढ़ावा देने के लिए वह स्कूल कालेजों में गोष्ठियां भी कर रहे हैं।

# चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बनाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई को मुखबिर ने सूचना दी कि दो संदिग्ध लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक पुलिस की टीम के साथ शेखूपुर मार्ग पर सोत नदी के पास दबिश दी। मौके से जिला एटा के थाना अवागढ़ क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी फूल सिंह पुत्र श्रीराम, जिला फर्रूखबाद के थाना मीरापुर क्षेत्र के गांव वरमपुरी निवासी बॉबी पुत्र महावीर को पकड़ा। जिनके पास से तमंचा व चाकू बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार, रिंकू सिंह, अशोक सिंह रहे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों लोग चोरी की योजना बना रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

# दूसरे जगहों पर गन्ना ले जाने वालों पर कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले की सीमाओं से बाहर नहीं जाएगा गन्ना, बढ़ाई सख्ती
- दूसरे दिन भी हुई छापेमारी, पुलिस ने किसानों के देखे आधार कार्ड
- अधिकारी के रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी नहीं पकड़े गए व्यापारी
- किसानों ने अब तक कितना गन्ना डाला है, मांगा गया ब्योरा

**अमृत विचार :** गन्ना विभाग ने अवैध रूप से दूसरे जिलों पर गन्ना ले जाने वालों पर नकेल कसते हुए जिले की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी है। नामजद आरोपियों के घरों में दूसरे दिन भी पुलिस ने दबिश दी। गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के आधार कार्ड देख कर गन्ने की तौल कराई गयी। विभाग की इस कार्रवाई से आरोपी अपना ठिकाना छोड़ कर दूसरे जिलों की ओर भाग गए हैं।

जनपद में यदु शुगर मिल और शेखूपुर चीनी मिलों पर गन्ना बेचा जा रहा है। इनके अतिरिक्त कुछ लोग स्थानीय किसानों से गन्ना खरीद कर दूसरे जिलों को गन्ना बेच रहे हैं। गुरुवार की रात को सूचना मिलने पर जिला गन्ना विकास समिति सचिव राजीव कुमार सिंह ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर कई ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। इस दौरान गन्ना माफिया भाग गए। राजीव कुमार सिंह ने गुरगांव निवासी प्रवेश यादव, रामपुर निवासी प्रेमपाल, दहगवां निवासी टिंकू यादव सहित आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी और करीब दर्जन भर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने शुक्रवार को उक्त सभी के घरों में दबिश दी मगर कोई हाथ नहीं आया। शनिवार को भी मूसाझाग पुलिस ने गुरगांव निवासी माफिया के घर में दबिश दी। दहगवां में भी पुलिस ने टिंकू के घर पर दबिश देकर उसके परिजनों से पूछताछ की है। अभी तक माफिया हाथ नहीं लगे हैं। उधर, ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना लेकर आए किसानों के आधार कार्ड चेक किए गए। किस किसान के पास कितने बीघे में गन्ना है। इसकी जानकारी की गयी। किसानों ने अब तक कितना गन्ना डाला है पूरा हिसाब मांगा गया। इस तहकीकात से फर्जीवाड़ा रोकने का प्रयास किया गया। क्रय केंद्र इंचार्ज को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसान अपना गन्ना लेकर आएं तभी तौल की जाए, शक होने पर उसकी पूरी जानकारी करें यदि कोई अन्य गन्ना लेकर आ रहा है तो विभाग को सूचित किया जाए।

उधर, शनिवार को बिसौली सहसवान क्षेत्र में जिले की सीमा पर गन्ना विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। गन्ना लेकर बाहर जाने वाले लोगों पर रोक लगाने के लिए रात और दिन गश्त की जा रही है। बिसौली क्षेत्र के कुछ लोग किसानों से गन्ना खरीद कर रामपुर की चीनी मिल को बेच रहे हैं। जबकि शासन के निर्देश हैं कि जिले से बाहर गन्ना नहीं जाएगा। इस पर रोक लगा दी गयी है। सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह बिसौली क्षेत्र में उन्होंने सीमा पर पहरेदारी की। इस इलाके से गन्ना बाहर ले जाने की शिकायतें मिली थीं इसलिए यदु शुगर मिल के साथ बातचीत करने के बाद रोड पर गश्त की गयी। यदु शुगर मिल प्रशासन को भी इस मामले में सतर्क कर दिया गया है।

जिले का गन्ना किसी भी कीमत पर दूसरे जिलों में नही जाने दिया जाएगा। इस पर पहले से ही काम किया जा रहा है। कुछ लोग सक्रिय हैं। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। सभी पकड़े जाएंगे। पुलिस की मदद ली जा रही है। खुनक मलगांव कुंवरगांव आदि में गन्ना सेंटरों पर निरीक्षण किया जा रहा है। किसानों की शिकायतों पर तत्परता से काम किया जा रहा है।
**- हेमराज सिंह** - जिला गन्ना अधिकारी।

# बोर्ड परीक्षा : नकलविहीन परीक्षा कराने को छह सचल दल गठित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीआईओएस और बीएसए सहित चार अधिकारियों को सचल दल में किया शामिल
- एक सचल में पांच कर्मचारी शिक्षक किए गए हैं शामिल, 22 से शुरू होंगी परीक्षाएं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए छह सचल दल गठित किए गए हैं। 22 से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होंगी। इसमें हाईस्कूल के 36403 और इंटरमीडिएट के 27763 विद्यार्थी भाग लेंगे। परीक्षा के लिए बने 99 परीक्षा केंद्रों की निगरानी स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम के अलावा तीन अन्य स्थानों से होगी। सभी परीक्षा केंद्रों के गेट और सीसीटीवी को लखनऊ, प्रयागराज, संयुक्त शिक्षा निदेशक के कंट्रोल रूम से जोड़ा जा चुका है। वहीं परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण करने को छह सचल दल गठित किए हैं। इसमें डीआईओएस, बीएसए, वित्त एवं लेखा अधिकारी और तीन राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य को सचल दल का प्रभारी बनाया है। राजकीय इंटर कॉलेज से बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने का काम शुक्रवार से शुरू हो गया है। शुक्रवार को जहां 15 केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंची थीं। वहीं, शनिवार को केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में करीब बीस केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचाई गईं।

शासन के आदेश पर छह सचल दल गठित किए गए हैं। इनके द्वारा परीक्षा के समय केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा। वहीं, केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात कर दिए गए हैं।
**- डॉ प्रवेश कुमार**, डीआईओएस।

# 17 केंद्रों पर होने वाली आरक्षी भर्ती परीक्षा में बैठेंगे 34,656 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 17 व 18 फरवरी को होगी परीक्षा, 34 हजार से ज्यादा होंगे प्रतियोगी
- परीक्षा के दौरान केंद्रों पर तैनात रहेंगे सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट

**अमृत विचार:** जिले में पहली बार आरक्षी भर्ती कराई जा रही है। इसके लिए 17 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में 34,656 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। नकल विहीन और सकुशल परीक्षा कराने के लिए सभी केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही केंद्र के आसपास दो सौ मीटर तक फोटो स्टेट आदि की दुकानें बंद रहेंगी।

आरक्षी भर्ती परीक्षा 17 व 18 फरवरी को होनी है। चार पालियों में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। एक पाली में 8664 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए केंद्रों तक दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।प्रशासन की ओर से दूर बनाए गए स्थानों पर केंद्र बनाए गए हैं।

हालांकि अभ्यर्थियों के लिए आवागमन में दिक्कत न हो। इसके लिए रोडवेज बसों का संचालन कराया जाएगा।

### इन शिक्षण संस्थानों में कराई जाएगी परीक्षा

दो दिनों तक चलने वाली परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा उझानी के बांके बिहारी लॉ कॉलेज, डीपीएस, ब्लूमिंग डेल, बीआरबी मॉडल स्कूल, द्रौपदी देवी, शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर, बीआईएमटी, नकविया कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजाराम इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज बदायूं के अलावा उझानी स्थित विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और महात्मा गांधी को केंद्र बनाया गया है। इनके साथ ही प्रमोद इंटर कॉलेज, पन्ना लाल इंटर कॉलेज सहसवान, त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज आसफपुर, संतोष कुमार मेमोरियल इंटर कॉलेज दातागंज को आरक्षी परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है। इन सभी पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। अधिकारियों को प्रशासन की ओर से नामित कर दिया गया है।

17 और 18 फरवरी को आरक्षी भर्ती परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्र बना दिए गए हैं। इन केंद्रों पर स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। परीक्षा को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूर्ण हैं।
**- डॉ प्रवेश कुमार**, डीआईओएस।

# भाकियू चढ़ूनी गुट की बैठक 15 को

**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष ने बैठक की। इसमें जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि शासन और प्रशासन की उपेक्षापूर्ण नीति के चलते आज अन्नदाता परेशान है। गांव देहात में बिजली नही आ रही है। खेतों में खड़ी किसान की फसल को गोवंश नष्ट कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिजली के ट्यूबवेल के बिल सरकार ने माफ कर दिए हैं फिर भी किसानों से बिजली का बिल वसूला जा रहा है। बैंकों द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को इस बार बताया जाएगा कि किसानों की मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इधर, भाकियू चढ़ूनी गुट के जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने संगठन का विस्तार करते हुए कुंवर गांव के मझरा नंदगांव निवासी लालाराम को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। नगर प्रभारी असलम व जिलाध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी है।

# एंबुलेंस में महिला ने दिया पुत्र को जन्म, दोनों स्वस्थ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


एंबुलेंस में प्रसव होने के बाद ईएमटी ने संभाला नवजात।

- ब्लॉक दातागंज के ग्राम कुंडरा निवासी है महिला

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जा रही एंबुलेंस में गर्भवती महिला का प्रसव हो गया। चालक की सूझबूझ से महिला ने नवजात शिशु को जन्म दिया। प्रसव के बाद प्रसूता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है।

ब्लॉक दातागंज के ग्राम कुंडरा निवासी आरती 30 वर्ष को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजनों ने एंबुलेंस को फोन करके घर पर बुला लिया। आरती को एंबुलेंस में लिटा दिया गया जबकि परिवार की अन्य महिलाएं भी इसमें बैठ गयीं। बताते हैं गांव से निकल कर एम्बुलेंस जैसे ही दातागंज रोड पर पहुंची वैसे ही आरती को दर्द शुरू हो गया। वह तेज दर्द से चीखने लगी। तभी ईएमटी पवन कुमार ने एंबुलेंस को सड़क किनारे खड़ी कर दी। हर्षित यादव ने सुरक्षित प्रसव कराया। आरती ने पुत्र को जन्म दिया। उसके बाद चालक ने जच्चा बच्चा को ले जाकर दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

एंबुलेंस प्रभारी अनुराग मिश्रा ने बताया कि आरती और उसका नवजात शिशु स्वस्थ है।

# ग्रामर के विशेष बिंदुओं पर दें ज्यादा ध्यान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- साफ राइटिंग दिलाएगी अच्छे अंक, शिक्षक दे रहे टिप्स
- व्याकरण पर पकड़ बनाने से अंग्रेजी विषय हो जाएगी सरल


अंग्रेजी प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार।

**अमृत विचार:** 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रहीं हैं। परीक्षार्थी दिन रात मेहनत कर रहे हैं जिससे अच्छे अंक प्राप्त कर सकें। परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों के लिए शिक्षाविद सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि छात्र अंग्रेजी की तैयारी करते समय व्याकरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और साधारण शब्दों का इस्तेमाल करें। व्याकरण पर पकड़ बनाने से अंग्रेजी विषय सरल हो जाएगा और तैयारी करने में कोई परेशानी नहीं आएगी।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं नजदीक हैं। अब छात्रों के पास परीक्षा की तैयारी के लिए कम समय बचा है। राजकीय इंटर कॉलेज में अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार का कहना है कि हिंदी माध्यम से पढ़ाई होने के कारण यूपी बोर्ड के छात्रों को अंग्रेजीविषय कठिन लगता है। छात्रों को अंग्रेजी विषय की तैयारी करने में परेशानी होती है। कहा कि परीक्षा की तैयारी करते समय घबराने के बजाय समय सारणी बनाकर अंग्रेजी विषय की तैयारी करें। उनका कहना है कि अंग्रेजी की तैयारी करने के लिए व्याकरण का सही ज्ञान होना जरूरी है। व्याकरण का सही ज्ञान होने से परीक्षा की तैयारी करने में आसानी होगी और परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे।

### इन बातों का रखें ध्यान

- व्याकरण की तैयारी अच्छे से करें, जिससे अंग्रेजी भाषा हिंदी से आसान हो जाएगी।
- टाइम टेबल बनाकर तैयारी करें, जिससे कठिन विषय भी सरल होगा।
- याद करने के स्थान पर लिखकर विषय का अभ्यास करें
- अंग्रेजी की तैयारी करते समय अनुवाद, पत्र लेखन और व्याकरण की बेहतर तरीके से पढ़ें।
- प्रश्नों का उत्तर निर्धारित समय और शब्दों में देने का प्रयास करें।
- अंग्रेजी विषय में कठिन शब्दों के स्थान पर चलन में आने वाले शब्दों का प्रयोग अधिक से अधिक करना चाहिए।

# भाकियू टिकैत ने 16 को भारत बंद का किया ऐलान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


भाकियू के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना पदाधिकारियों के साथ।

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आह्वान पर 16 फरवरी को भारत बंद के तहत जनपद बदायूं को भी बंद रखा जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय आह्वान पर 16 फरवरी को भारत बंद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश के किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया है। इसलिए भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भारत बंद का आह्वान किया है। भारत बंद को बदायूं में पूरी तरह सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी को किसान कृषि कार्य नहीं करेंगे। बंद को सफल बनाने के लिए गांव गांव संपर्क किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंखधार इस आंदोलन को हर तहसील क्षेत्र के गांव में घूम कर प्रचार कर रहे हैं। आंदोलन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमरपाल सिंह यादव ने भी किसानों को संबोधित किया।

# शुरू नहीं हुआ वितरण, निर्धनों को नि:शुल्क राशन का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अभी तक राशन की दुकानों पर नहीं हो सका वितरण शुरू
- कार्ड धारकों को इस बार बाजरे का भी किया जाएगा वितरण

**अमृत विचार:** जिले में पांच लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को हर माह नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाता है लेकिन अब तक शासन की ओर से वितरण तिथि की घोषित न होने के कारण निर्धनों को राशन नहीं मिल सका है। जिसका वह इंतजार कर रहे हैं।

जिले में करीब पांच लाख पात्र गृहस्थी और करीब 45 हजार से अधिक अंत्योदय राशन कार्डधारक हैं। इन सभी को जिले में संचालित 1427 राशन की दुकानों से गेहूं और चावल का वितरण किया जाता है। इसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किलो राशन मुफ्त दिया जाता है। शासन द्वारा महीने की पांच तारीख से वितरण की प्रक्रिया निर्धारित है। राशन वितरण के लिए शासन द्वारा तिथियों को घोषित किया जाता है। उसके बाद दुकानों से राशन वितरण का काम शुरू हो जाता है। जनवरी माह में कोटेदारों द्वारा की गई हड़ताल के बाद देरी से राशन का वितरण हुआ था। जनवरी माह में 12 से लेकर 29 जनवरी तक वितरण किया गया था। इस बार अभी तक शासन की ओर से तिथि घोषित नहीं हो सकी है। जिसके कारण वितरण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है। जिसका निर्धनों को इंतजार है।

### फरवरी माह से बाजरे का होना है वितरण

इस माह से राशन कार्डधारकों को चावल और गेहूं के साथ बाजरे का भी वितरण होना है। दुकानों पर खाद्यान्न पहुंच चुका है। लेकिन अभी तक शासन की ओर से तिथि घोषित न होने की वजह से वितरण शुरू नहीं हो सका है।

शासन द्वारा ही राशन वितरण की तिथि घोषित की जाती है। अभी तिथि घोषित नहीं हुई है। एक दो दिन में तिथि घोषित हो सकती है। इसके बाद राशन का वितरण शुरू हो जाएगा।
**- रमन मिश्रा**, डीएसओ।




# गुलड़िया क्षेत्र में दिखा तेंदुआ, तीन गोवंश को बनाया निवाला, ग्रामीणों में दहशत

## वन विभाग ने लगाई टीम, पिंजरा लगाने की तैयारी, गन्ने के खेत में छिपा है

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिल्सी-सहसवान के बाद अब गुलड़िया क्षेत्र में तेंदुआ देखा गया है। इस क्षेत्र में तीन गोवंश को निवाला बना चुका है। तेंदुआ ईख के खेत में छिपा है। वन विभाग भी इस क्षेत्र में सक्रिय हो गया है। वन विभाग ईख के खेत में पिंजड़ा लगाने की तैयारी कर रहा है। ग्रामीणों को खेतों पर न जाने की हिदायत दी गयी है।

जनपद बिल्सी तहसील के कई ग्रामों में एक सप्ताह पहले तेंदुआ के पगचिह्न देखे गए थे। उसके बाद उझानी के जंगल में भी लोगों ने इसी तरह के पगचिह्न देखे तो तेंदुआ होने की बात कही गयी। अभी पिछले 6 दिन से सहसवान क्षेत्र के खेड़ा पूर्वी गांव के जंगल में ग्रामीणों ने यह पगचिह्न देखे तो घबरा कर ग्रामीणों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया। अब ब्लॉक शहर से मात्र दस किलोमीटर की दूरी पर दातागंज रोड स्थित

### तीन गायों के क्षत-विक्षत शव मिले

हरीश पटेल ने बताया कि दो दिन पहले एक गाय को किसी जानवर ने खा लिया। उसके बाद सतेन्द्र की गाय को भी तेंदुआ ने निवाला बना लिया और उसी दिन नत्थू सिंह की गाय को भी वह खा गया। अब तक तीन गायों के क्षत विक्षत शव मिलने पर लोग हैरान थे कि आखिर गांव के बाहर बंधी गायों को इस तरह कौन खा रहा है। शुक्रवार को, जो तेंदुआ देखा गया तो पता चला कि गायों को तेंदुआ निवाला बना रहा है। ग्रामीण अपने पशुओं को दिन में खेत खलिहान में बांध देते हैं। वहीं पर तेंदुआ उन पर हमला करता है और उन्हें उठा कर ले जाता है। गुलड़िया के किसानों ने शनिवार को वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी है।

### लोगों को काट रहा एक बंदर, लोग परेशान

मोहल्ला प्रेमनगर में एक बंदर ने कई लोगों को काट कर लहूलुहान कर दिया है जिससे कई लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं। मोहल्ले के लोगों ने वन विभाग से मदद मांगी है।नगर के मोहल्ला प्रेमनगर निवासी पूजा शर्मा ने शनिवार को डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा को बताया कि उनके मोहल्ले में वैसे तो बहुत बंदर है मगर एक बंदर ऐसा है जो लोगों को काट लेता है।अब तक करीब सौ लोगों को उक्त बंदर लहूलुहान कर चुका है करीब दर्जन भर लोग अस्पताल में भी भर्ती हैं। पूजा ने कहा कि उक्त बंदर छत पर बैठे लोगों पर हमला कर देता है। बंदर घर में घुस कर भी बच्चों को काट रहा है। उसे भगाने का प्रयास किया गया मगर वह मोहल्ले से भाग नहीं रहा है। वन विभाग अधिकारी ने बताया कि बंदर पकड़ने के लिए वन विभाग अधिकृत नहीं है। पूजा ने बताया कि वन्यजीव प्रेमी से भी संपर्क किया गया है। उन्होंने बंदर को पकड़ कर ले जाने का भरोसा दिया है।

▸▸ ग्रामीणों ने बाहर जाना किया बंद, सतर्कता बरतने की सलाह

गुलड़िया गांव के खेतों में तेंदुआ देखा गया। शुक्रवार की शाम को गुलड़िया निवासी हरीश पटेल अपने ईख के खेत में गन्ना छील रहे थे। गांव के अन्य लोग भी गन्ना छील रहे थे। इसी बीच ईख के खेत से तेंदुआ निकल कर भागा, तो लोगों ने देखा। तेंदुआ देखने के बाद हरीश पटेल व अन्य लोग ईख के खेत से गांव की और दौड़ पड़े। पुलिस को सूचना दी गयी। देर शाम पुलिस ने गांव की ईखों में इधर उधर देखा मगर वह नहीं मिला। तेंदुआ देखने के बाद अब ग्रामीण खेतों पर नहीं जा रहे हैं।

> वन विभाग के अधिकारी गुलड़िया के खेतों में पहुंचे। पुलिस के साथ कई ईख के खेत खंगाले गए। मुख्य मार्गों पर पहरेदारी बढ़ा दी गयी है। गांव के लोगों के साथ वन कर्मचारी भी गांव की ईखों के खेतों पर पहुंच रहे हैं। अब वन विभाग ईख के खेतों में पिंजड़ा लगाने की तैयार कर रहा है। विभाग के पास इस समय एक पिंजरा है। करीब चालीस क्विंटल के पिंजरे को एक ही जगह पर रखा जाएगा। यदि तेंदुआ होगा तो उसमें जरूर फंसेगा।
>
> – प्रदीप कुमार वर्मा – डीएफओ

## एक नजर

### घूस लेने पर पंचायत सहायक की संविदा होगी समाप्त

**कादरचौक।** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कटिन्ना बरचऊ निवासी नीरज राजपूत ने आइजीआरएस पर शिकायत करके पंचायत सहायक पर आवास के नाम पर अंशुल से दो हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। कादरचौक के खंड विकास अधिकारी ने दो सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी की टीम बनाकर जांच कराई थी। टीम ने जांच आख्या में बताया कि पंचायत सहायक ने रुपये लिए थे। बीडीओ के अनुसार जिला पंचायत राज अधिकारी ने सेवा समाप्त करने को निर्देशित किया है।

# खंती में पड़ा मिला लापता युवक का ई-रिक्शा

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र में लापता हुए युवक का ई-रिक्शा शनिवार को इस्लामनगर मार्ग पर खंती में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा थाने पर खड़ा कराया लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

गांव सगराय निवासी सत्यवीर उर्फ बंटू उर्फ कुंवरपाल ई-रिक्शा चलाते थे। चार फरवरी को वह ई-रिक्शा लेकर मुजरिया चौराहे पर गए थे। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटे हैं। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने चौराहे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। इसमें सत्यवीर एक अन्य व्यक्ति को ई-रिक्शा में बैठाकर सहसवान की ओर ले जाते नजर आए हैं। शनिवार सुबह इस्लामनगर मार्ग पर ई-रिक्शा खंती में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर परिजन पहुंच गए, जिन्होंने अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। मुजरिया की इंस्पेक्टर रेनू सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा मिला है। युवक की तलाश की जा रही है।

# किसान से टप्पेबाजी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिसौली



कोतवाली बिसौली पुलिस की गिरफ्त में किसान से टप्पेबाजी करने के आरोपी।

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र में धान बेचकर लौट रहे किसान के साथ टप्पेबाजी मामले का खुलासा कर दिया गया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी किए 20 हजार 150 रुपये, दो तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के मोहल्ला भुर्जी टोला निवासी वीरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र जगदीश गुरुवार को जिला बुलंदशहर की जहांगीराबाद मंडी में धान बेचकर वापस लौट रहे थे। बिसौली क्षेत्र में अटल चौक पर आंवला जाने वाले टेंपो में सवार हुए। टेंपो में सवार टप्पेबाजों ने उनकी जेब से 40 हजार रुपये निकाले और चलते हुए टेंपो से कूद गए। वीरेंद्र कुमार भी उनके पीछे कूदे। एक

▸▸ कोतवाली बिसौली क्षेत्र में अटल चौक से आंवला मार्ग पर हुई थी टप्पेबाजी, एक टप्पेबाज पहले ही पकड़ा गया था

टप्पेबाज को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पकड़े गए टप्पेबाज के भागे हुए साथी को भी पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम जिला मुरादाबाद के थाना नागफनी क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी निवासी गुल मोहम्मद पुत्र मोहम्मद किशोर और मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला पीतल नगरी निवासी सौरभ पुत्र खूब सिंह बताया। उनके पास से किसान के रुपये और तमंचा बरामद किया गया है।

# सुबह छाया कोहरा फिर निकली धूप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज

▸▸ मौसम में परिवर्तन से बने बारिश के आसार


सुबह के समय कोहरे में लाइट जलाकर चलते वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कुछ दिनों में बसंत पंचमी मनाई जाएगी। बसंत पंचमी नजदीक होने के कारण मौसम का मिजाज पल पल बदल रहा है। सुबह घने कोहरे के बाद दिन में सर्दी कम होने के साथ चटक धूप होने से लोगों को राहत मिली है। सर्दी से राहत होने पर किसान आलू के खेतों में काम करने को जुट गए। वहीं, कृषि अधिकारी एक-दो दिन में बारिश होने का अंदेशा जता रहे हैं। दिन में धूप खिली होने पर तापमान में भी वृद्धि देखी गई। अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

शुक्रवार की देर रात के बाद शनिवार सुबह घना कोहरा रहा। दृश्यता कम रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। चौपहिया व दोपहिया वाहन लाइट जलाकर रेंगने जैसी गति में चल रहे थे। दिन चढ़ने के साथ कोहरा छंटता गया। इससे दोपहर तक खिली धूप में गर्माहट रही। हालांकि इस दौरान ठंडी हवाएं भी चलती रहीं। इस खुली धूप में किसान खेतों में तैयार आलू की खुदाई करते दिखे। इधर, धूप खिलने के बाद बाजार सहित सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ भाड़ देखी गई।

मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन को देखते हुए कृषि अधिकारी एक दो दिन में बारिश होने की संभावना जता रहे हैं। उनका कहना है कि मौसम अभी और बदलेगा। हल्की या भारी बारिश हो सकती है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान जो 21 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ था। जबकि शनिवार को 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी रही। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# घने कोहरे में हाईवे पर ट्रक पलटा, चालक-हेल्पर बचे

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** कछला-शाहबाद हाईवे पर स्थित गांव मिश्रीपुर मकईया पुल के निकट शनिवार की सुबह घने कोहरे में एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इसमें सवार चालक और हेल्पर बाल-बाल बच गए। इस दौरान ट्रक की बॉडी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक पेपर मिल्स से ट्रक पेपर लोड करके प्रयागराज को जा रहा था। जैसे ही ट्रक कछला-शाहबाद हाइवे पर स्थित गांव मिश्रीपुर मकईया पुल के निकट पंहुचा। तभी आगे चल रही एक कार ने अचानक से पुल के निकट ब्रेक लगा दिए। इससे ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे बने नाले के पास जाकर पलट गया। बताते हैं कि इस ट्रक में कासगंज के अंमापुर निवासी


हाईवे पर खाई में पलटा ट्रक, एकत्रित हुई भीड़।

▸▸ उत्तराखंड काशीपुर से पेपर लेकर प्रयागराज जा रहा था ट्रक

चालक जीतू पाल और हेल्पर देवेंद्र पाल ही सवार थे, जो किसी तरह से ट्रक से कूद गए। इससे उनके किसी तरह की चोट नहीं लगी है। बताते है कि इस दौरान ट्रक में काफी नुकसान हुआ है। उसकी बॉडी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

# बेटी की शादी के लिए खरीदारी करने को निकली महिला की मौत

संवाददाता, कुंवरगांव

▸▸ शनिवार शाम एमएफ राजमार्ग पर पराग दुग्ध फैक्ट्री के पास हुआ हादसा

▸▸ हादसे में पिता-बेटी समेत तीन लोग घायल, एक की हालत ज्यादा गंभीर


हादसे में क्षतिग्रस्त टेंपो। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित पराग दुग्ध फैक्ट्री के पास टेंपो और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि पिता-पुत्री समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। एक की हालत ज्यादा गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के कस्बा निवासी डालचंद की बेटी निकेता की 19 फरवरी को शादी थी। परिवार में खुशी का माहौल था। घर में खरीदारी चल रही थी। शनिवार को वह अपनी पत्नी शकुंतला और बेटी निकेता के साथ खरीदारी के लिए आए थे। शाम को टेंपो पर बैठकर घर लौट रहे थे। पराग दुग्ध फैक्ट्री के पास बिसौली की ओर से आई बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में पति-पत्नी, उनके बेटी और बाइक सवार थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव व्योली निवासी सोनू पुत्र पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी होने पर नवादा पुलिस चौकी इंचार्ज सुपेंद्र मलिक पहुंच गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने शकुंतला को मृत घोषित कर दिया। बाकी का इलाज चल रहा है। इसमें


दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# दो नीलगायों की मौत मामले में खेत मालिक पर रिपोर्ट

संवाददाता, उसावां

▸▸ उसावां क्षेत्र में 8 फरवरी को करंट से हुई थी दो नीलगायों की मौत

**अमृत विचार :** तीन दिन पहले थाना उसावां क्षेत्र में खेत के चारों ओर लगे तारों के करंट से दो नीलगायों की मौत हो गई थी। वन रक्षक की तहरीर पर खेत मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना उसावां क्षेत्र के गांव भवन नगला गांव के पास 8 फरवरी सुबह लगभग साढ़े 11 बजे बिजली करंट से दो नीलगायों की मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर दातागंज रेंज के वन रक्षक अशोक कुमार, विभाग से हुकुम सिंह व प्रेमपाल के साथ मौके पर पहुंचे थे। दो नीलगाय मरे पड़े थे। ग्रामीणों से घटना के बारे में पूछताछ की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव भवन नगला निवासी मेवाराम पुत्र जीवाराम ने अपने खेत के चारों ओर तार लगाए और उसमें करंट छोड़ा था। जिसके करंट से नीलगायों की मौत हुई है। वन रक्षक ने पशु चिकित्सालय में दोनों नीलगायों का पोस्टमार्टम कराया था। वन रक्षक की तहरीर पर पुलिस ने खेत मालिक मेवाराम के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, जानवर की हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# 26 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ पिछले दिनों किया गया दो पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण निरस्त, तीन दरोगा लाइनहाजिर

**अमृत विचार :** व्यवस्था सुधारने के लिए एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने आठ चौकी इंचार्ज समेत 26 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है जबकि दो पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण निरस्त किया है। तीन दारोगा को लाइनहाजिर किया गया है।

उझानी की पुलिस चौकी कछला के इंचार्ज विक्रम सिंह को अलापुर की पुलिस चौकी ककराला का इंचार्ज बनाया गया है। आसफपुर के चौकी इंचार्ज सुनील कुमार शर्मा को अब्दुल्लागंज चौकी व यहां के मुकेश त्यागी को मालपुर इंचार्ज, बगरैन चौकी के इंचार्ज संजीव कुमार को बराही चौकी इंचार्ज, बराही के इंचार्ज हरवीर सिंह को कछला चौकी इंचार्ज, शेखूपुर के विनोद कुमार को बुद्ध बाजार इंचार्ज व यहां के चौकी इंचार्ज सचिन शर्मा को बगरैन का चौकी इंचार्ज, उसहैत के तिलकराम को नौली फतुआबाद इंचार्ज बनाया गया है।

कस्बा बिल्सी के चौकी इंचार्ज नितिन शर्मा को थाना मूसाझाग भेजा है। पुलिस लाइन के राजीव चौहान को शेखूपुर चौकी इंचार्ज, फैजगंज बेहटा के जगवीर सिंह को आसफपुर इंचार्ज, हजरतपुर के शैलेंद्र कुमार थाना उसावां, पुलिस लाइन के सुभाष कुमार को हजरतपुर भेजा गया है। लाइनहाजिर को लेकर मूसाझाग के गुरुदत्त शर्मा, जगवीर सिंह, उघैती के शिव कुमार भदौरिया को पुलिस लाइन भेजा गया है।

सिविल लाइन के हृदेश कुमार को थाना उघैती, साइबर थाने के सत्यपाल सिंह को बिल्सी चौकी इंचार्ज, पुलिस लाइन के ओमप्रकाश शाक्य को मूसाझाग व शशि मलिक को सिविल लाइन स्थानांतरित किया गया। बिल्सी के सिपाही को यहां अपराध का हेड क्लर्क बनाया। पुलिस लाइन के अनुराग गिरी को बिल्सी भेजा। पुलिस लाइन के अनिल कुमार का मूसाझाग किया गया स्थानांतरण निरस्त कर साइबर थाना, सहसवान के रजनीश कुमार व प्रवीण कुमार का सीसीटीएनएस सेल से चुनाव सेल किया गया स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है।

# पेठा के लिए मारपीट सिपाही पर रुपये लेने का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मरुआ के कई लोग मजदूरी करते हैं। बुधवार को चार मजदूर घटपुरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने वाहन से उतरे और पैदल गांव जाने लगे। गांव ब्योर के पास पेठा की फैक्ट्री मिली। जहां सौ रुपये किलो पेठा बताया। मजदूरों ने एक किलो पेठा के 80 रुपये देने की बात कही। जिसको लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। फैक्ट्री मालिक ने पुलिस को बुलाकर चोरी के आरोप लगाए। पुलिस चार मजदूर और फैक्ट्री पर काम करने वाले दो लोगों को थाने ले गई। आरोप है कि एक सिपाही ने 25 हजार लेकर इन पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली बरेली स्पेशल व आगरा कैंट बंद होने से लोग परेशान

संवाददाता, दबतरा

▸▸ कई गांवों के लोगों ने फिर से ट्रेन संचालन की उठाई मांग

**अमृत विचार :** दिल्ली से बरेली के लिए जाने वाली अप एवं डाउन ट्रेन के बंद होने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त ट्रेन को फिर से चलाने की मांग की गयी है।

क्षेत्र के गांव दवतोरी, परसिया, परवेज नगर, अतरपुरा, मैनपुरी, अहरोली, ततारपुर, जलालपुर, गुरियारी, आदि क्षेत्र के लगभग तीन दर्जन गांव के छात्र एवं छात्राएं व व्यापारी वर्ग बरेली जाने के लिए आगरा कैंट ट्रेन पकड़ते थे जो तीन साल से बंद होने से परेशानी हो रही है। इन गावों के छात्रों एवं व्यापारियों को बरेली जाने के लिए बदायूं होकर बरेली जाना पड़ रहा है। या फिर डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। क्षेत्र के सुनील कुमार सिंह एडवोकेट, सत्येंद्र मिश्रा एडवोकेट, धर्मेंद्र मिश्रा, रविंद्र सिंह, दिनेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, अजय सिंह पूर्व प्रधान धर्मेश सिंह आदि लोगों ने रेल मंत्रालय से आगरा से बरेली पैसेंजर आगरा कैंट चलाने की मांग की है। साथ ही दिल्ली से बरेली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन जो लगभग दो माह से बंद चल रही है उसको भी शीघ्र चलाने हेतु मांग की है जिससे क्षेत्र के लोगों को बरेली एवं दिल्ली आने जाने के लिए सस्ती यात्रा मिल सके।

थाना समाधान दिवस

## कोतवाली सहसवान और मुजरिया में डीएम व एसएसपी ने सुनीं समस्याएं

# आपसी बंटवारे, पारिवारिक झगड़े व भूमि विवाद के मामले आए सामने

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सहसवान कोतवाली और थाना मुजरिया में आयोजित थाना दिवस के दौरान डीएम और एसएसपी ने जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान उनके समक्ष आपसी बंटवारे, पारिवारिक झगड़े व भूमि विवाद से संबंधित कुल तीन जन शिकायतें प्राप्त हुईं। इनके निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए।

डीएम मनोज कुमार ने कहा कि आपसी बंटवारे, पारिवारिक झगड़े, भूमि विवाद आदि की प्रकृति के वादों को गंभीरतापूर्वक निस्तारित किया जाए। अगर कोई इस प्रकार के वाद आते हैं तो उससे उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराए ताकि समय रहते ऐसे वादों का निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, क्षेत्राधिकारी सहसवान, प्रभारी निरीक्षक थाना सहसवान आदि रहे।


थाने में जन शिकायतें सुनते डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी।


थाने में शिकायतों को सुनते सीओ उझानी शक्ति सिंह।

### चार में से एक शिकायत को कराया हल



**उसावां।** शनिवार को आयोजित थाना दिवस में उपजिलाधिकारी दातागंज धर्मेन्द्र सिंह जन शिकायतों को सुना। समाधान में चार जमीन से संबंधित शिकायतें आई ,जिनमें से एक का मौका पर निस्तारण कर दिया गया। शेष तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए हल्का लेखपाल को उनके द्वारा आदेश जारी किए गए। एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने थाने का भी निरीक्षण किया। उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान विवेचना कक्ष , कम्प्यूटर कक्ष , रसोई घर , शौचालय , हवालात , कार्यालय , महिला हेल्प डेस्क , आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल , राजस्व विभाग के अधिकारी व पुलिस स्टाफ कर्मचारी मौजूद रहे ।

### भाईचारा बनाए रखने की दी हिदायत

**उसहैत।** सीओ उझानी शक्ति सिंह ने थाने में पहुंच कर ग्रामीणों की शिकायतों को सुना। कई मामलों में भाईचारा बनाए रखने की हिदायत दी गयी और कुछ मामलों को विभागीय कार्रवाई को भेजा गया।शनिवार को सीओ उझानी शक्ति सिंह उसहैत थाने पहुंचे। यहां पर सीओ और थाना अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार छबिराम की मौजूदगी में कई फरियादी थाने पहुंचे। सीओ शक्ति सिंह ने ग्रामीणों से हालचाल जाना उनकी समस्याओं को सुना।कई संपत्ति विवाद के मामले मौके पर निपटाए गए। कुछ फरियादियों के संपत्ति विवाद को लेकर भाई चारे के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी और आपसी सहमति से विवाद निपटाने को कहा गया। संपत्ति विवाद के मामले जल्द से जल्द निपटाने के राजस्व विभाग की टीम को निर्देश दिए। इस मौके पर लेखपाल सौरभ सक्सेना, कुलदीप कुमार, फरियादी महेश गुप्ता, हृदेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, बाबू, आदि के मामलों को सुना गया।

# डीसीएम ने पीआरवी और पुलिस जीप को मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ शुक्रवार देर रात थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव फरीदपुर के पास हुआ हादसा, उपनिरीक्षक घायल


**अमृत विचार :** घने कोहरे के दौरान थाना मूसाझाग क्षेत्र में अनियंत्रित डीसीएम ने पुलिस की पीआरवी और पुलिस की जीप को टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जीप में बैठे एक उपनिरीक्षक घायल हो गए। पुलिस ने डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हादसा शुक्रवार देर रात थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव फरीदपुर के पास हुआ। पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी करके वापस थाने लौट रहे थे। घना कोहरा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आई डीसीएम ने पीआरवी को टक्कर मार दी। जिसके बाद चालक डीसीएम लेकर भागने लगा। पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने थाने को सूचना दी। उपनिरीक्षक गुरुदत्त शर्मा ने सरकारी जीप से डीसीएम का पीछा किया। सिपाही गौरव ने डीसीएम रोकने के लिए सड़क पर जीप लगा दी। डीसीएम चालक ने जीप को भी टक्कर मार दी। जीप भी क्षतिग्रस्त हो गई। उपनिरीक्षक गुरुदत्त शर्मा घायल हो गए। मौके पर डीसीएम को पकड़कर थाने पर खड़ा कराया गया। उपनिरीक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मूसाझाग इंस्पेक्टर महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ था। डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्षतिग्रस्त वाहनों को सही कराने के लिए भेजा है। उपनिरीक्षक का इलाज चल रहा है।

# 12 फरवरी से शुरू होगी बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन की ट्रेनिंग

**बदायूं, अमृत विचार :** भारत स्काउट गाइड संस्था स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर 12 फरवरी से बेसिक स्काउट मास्टर व बेसिक गाइड कैप्टन का सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आरंभ होगा। स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर के संचालन के लिए प्रादेशिक कार्यालय लखनऊ द्वारा स्काउटिंग के लिए डॉ. राजीव वार्ष्णेय को एलओसी, मोहित कुमार को काउंसलर और गाइडिंग के लिए वंदना श्रीवास्तव को एलओसी, लक्ष्मी सिंह को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा स्काउट भवन पर 12 से 16 फरवरी तक राज्य स्तरीय प्राथमिक चिकित्सा कोर्स एलओसी सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नेहा कटियार रहेंगी। इसके लिए पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।




# इसरो के वैज्ञानिक ने बढ़ाया जिले का मान

## चंद्रयान -2 व 3 में निभाई अहम भूमिका, आईएसएसएसई ने गोल्ड मेडल देकर किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ गगनयान मिशन की टीम में हैं शामिल, अंतरिक्ष यान के इंजन डिजाइन पर कर रहे काम, कार्यक्रम में पहनाया गोल्ड मेडल

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला जवाहरपुरी निवासी ऐश्वर्या शंखधार इसरो में वैज्ञानिक हैं। चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 मिशन में उनकी अहम भूमिका रही है। जिसके बाद वह गगनयान मिशन पर काम कर रही टीम में शामिल हैं। इंडियन सोसायटी ऑफ सिस्टम फॉर साइंस एंड इंजीनियरिंग संस्था (आईएसएसएसई) ने तिरुवनंतपुरम में गोल्ड मेडल पहनाकर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार देकर उन्हें सम्मान दिया।


ऐश्वर्या शंखधार।


इंजीनियर वैज्ञानिक ऐश्वर्या शंखधार को सम्मानित करते इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ। ● अमृत विचार

इंडियन सोसायटी आफ सिस्टम फॉर साइंस एंड इंजीनियरिंग ने गोल्ड मेडल और युवा वैज्ञानिक अवार्ड के लिए जटिल प्रक्रिया के बाद इसरो के दो युवा वैज्ञानिकों का चयन किया।

इसमें बदायूं निवासी उप निबंधक कार्यालय में प्रलेखक धीरज शंखधार के बेटे युवा वैज्ञानिक ऐश्वर्या शंखधार शामिल रहे। संस्था ने कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें सम्मानित किया। इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने उन्हें गोल्ड मेडल और अवार्ड दिया। वह अंतरिक्ष यान इंजन डिजाइन और इंजीनियरिंग पर काम कर रहे हैं। वह गगनयान मिशन के लिए आरसीएस थ्रस्टर्स डिजाइन टीम में हैं। उन्होंने उपग्रह तापमान भविष्यवाणी मॉडल और 100 एन थ्रस्ट प्रोपेलेंट इंजन डिजाइन किया है। इससे पहले इसरों ने उन्हें वर्ष 2018 में उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया था। उनकी स्कूलिंग शहर के मदर एथीना स्कूल से हुई थी। वह मेधावी रहे हैं। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग से बीटेक किया था। वह वर्ष 2015 से इसरो में इंजीनियर वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं। उनके छोटे भाई अभिषेक शंखधार सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं।

## आसफपुर फीडर से नहीं मिल पा रही बिजली

**दबतरा।** आसफपुर विकासखंड क्षेत्र के गांव दबतोरी, मुसिया नगला, ललुआ नगला, लक्ष्मीपुर दौलतपुर आदि गांव बिजली के लिए तरस रहे हैं। आसफपुर बिजलीघर से उक्त गांवों को बिजली सप्लाई की जाती है। लक्ष्मीपुर और दौलतपुर के ग्रामीणों ने बताया कि आसफपुर विद्युत उपकेन्द्र से घंटों की कटौती हो रही है। दबतोरी, मुसिया नगला आदि गांवों में छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस समय मात्र चार से पांच घंटे बिजली मिल रही है जबकि इंटर और हाईस्कूल के बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। बिजली न होने से छात्र पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। गांव के लोगों को पेयजल की समस्या बनी रहती है। गांव में अंधेरा छाए रहने से चोरी लूट आदि की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई दी जाए।

## लाइनमैन पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय पर धरना देकर ग्राम कुआंडाडा के दोनों ट्रांसफार्मरों पर बराबर लोड करने की मांग करते हुए जेई और लाइनमैन पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है।

बदायूं रोड स्थित विद्युत कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष शेर सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष देवराज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को धरना दिया और कहा कि ग्राम कुआं डांडा में दो ट्रांसफॉर्मर लगे हुए हैं। इनमें एक ट्रांसफार्मर पर पूरे गांव की लाइट चल रही है और दूसरे ट्रांसफार्मर पर केवल चार परिवारों की लाइट चल रही है। यह काम बड़ी चालबाजी के साथ जेई और लाइनमैन द्वारा किया गया है। लाइनमैन रिश्वत लेकर काम करते हैं, जिससे अधिक लोड वाला ट्रांसफार्मर फुंक जाता है। यह बंद होना चाहिए और दोनों ट्रांसफार्मरों पर लोड बराबर होना चाहिए।

धरने पर भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के अलावा मोनू यादव, मोनू यादव, उमेश, राहुल, कालीचरण, सुवे राम, ओंकार सिंह, सोमेंद्र आदि रहे।

## लोगों से करें मधुर व्यवहार, समस्याओं का करें जल्द निस्तारण

**सहसवान ,अमृत विचार :** एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने शनिवार को कोतवाली सहसवान और थाना मुजरिया का औचक निरीक्षण किया। समस्याओं को लेकर थानों पर आने वाले लोगों के साथ मधुर व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया।

शनिवार सुबह एसएसपी सहसवान कोतवाली पहुंचे। सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह, मुजरिया थाना प्रभारी रेनू सिंह मौजूद थे। एसएसपी ने थाना परिसर का भ्रमण कर आदिए दिए।



















## दहगवां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का हुआ पुनर्गठन



**बदायूं।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओंकार सिंह के आह्वान पर शनिवार को ब्लॉक दहगवां में ब्लाक कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया। ब्लाक दहगवां में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सद्दाम हुसैन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं की सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन करते हुए ब्लॉक दहगवां के कोषाध्यक्ष भारत सिंह पाल, उपाध्यक्ष रामनिवास रामगोपाल, बबलू ,दिनेश कुमार नीरज शर्मा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दहगवां का महासचिव एवं जगतपाल, पुष्पेंद्र सिंह, हसीब,अहमद मियां, रविशंकर, सतवीर पाल, रमेश यादव ,भूपेंद्र सिंह को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर दहगवां प्रभारी एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि जल्द से जल्द ग्राम पंचायत स्तर पर पार्टी का गठन करें और बूथ कमेटी तक कांग्रेस को सुचारू रूप से खड़ा करें। सद्दाम हुसैन ने कहा कि आने वाले 100 दिन बहुत मेहनत के हैं, सभी को मेहनत व कर्मठता के साथ कार्य करना है। राजवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को अनुमोदन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह को भेजा।

## एएनएम की नियुक्तियों के लिए सत्यापन शुरू

**बदायूं।** जिला अस्पताल में एनआरएचएम में एएनएम की नियुक्ति को कागजात का सत्यापन किया जा रहा है। एनआरएचएम में 54 एएनएम की नियुक्ति की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग में एनआरएचएम में 54 एएनएम की नियुक्ति होनी है। इसलिए ऑनलाइन आवेदन कराने के बाद आवेदक जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। यहां पर अपने प्रमाण पत्रों का सत्यापन करा रहे हैं। प्रभारी सीएमओ डा. अब्दुल सलाम खान ने बताया कि यूपी के कई जिलों के आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। आवेदन क्लीयर होने के बाद ही वह लोग यहां पर अपने अनुभव प्रमाण पत्र और शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ पहुंच रहे हैं। कई आवेदक शनिवार को पहुंचे। मगर उन्हें अवकाश की बात बताते हुए लौटाकर सोमवर को आने को कहा गया। प्रभारी सीएमओ ने बताया कि अभी तक 28 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन सभी के प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जा रहा है। सभी आवेदन पूरे होने के बाद सत्यापन की रिपोर्ट स्वास्थ्य निदेशालय को भेजी जाएगी। फिर ऑनलाइन ही पूरी प्रक्रिया होगी।

## तीसरी बार मोदी सरकार के लिए जनसमर्थन मांग रहे कार्यकर्ता



**बदायूं।** गांव चलो अभियान के अंतर्गत प्रवास कार्यक्रम में भाजपा जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता जिले में रात्रि प्रवास व बूथ समिति की बैठक कर महिलाओं व युवाओं से संपर्क के साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी व योजनाओं की जानकारी गांव-गांव जाकर अवगत करा रहे हैं। लोकसभा संयोजक हरिओम पाराशरी ने बिसौली नगर में प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में विगत साढ़े नौ वर्ष निर्धनों की सेवा एवं वंचितों के सम्मान को समर्पित रहे हैं। सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंच रही है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने कुर्वी गांव में कहा कि मोदी के दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में एक नई जाति बनी है, लाभार्थियों की जाति। इसने तमाम जातिगत समीकरणों को तोड़ कर रख दिया है। इस तरह गांव गांव पहुंच कर जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत करा रहे हैं।

## जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**बदायूं ।** जिलाधिकारी मनोज कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने शनिवार को सहसवान विधानसभा के मतदान केंद्र प्रमोद इंटर कॉलेज पन्नालाल नगर पालिका इंटर कॉलेज तथा बिल्सी विधानसभा के प्राथमिक विद्यालय खंदक, कंपोजिट विद्यालय कोल्हाई व प्राथमिक विद्यालय बसावनपुर का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कहा कि मतदेय स्थलों पर बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। उप जिलाधिकारी सहसवान प्रेमपाल सिंह ने बताया कि प्रमोद इंटर कॉलेज सहसवान के मतदान केंद्र में सात बूथ, पन्नालाल नगर पालिका इंटर कॉलेज सहसवान के मतदान केंद्र में सात बूथ हैं।

## विरोध पर मारा चाकू, मामा-भांजे पर रिपोर्ट

**बदायूं।** थाना उसहैत क्षेत्र के कस्बा के वार्ड तीन निवासी कुलदीपक आर्य ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 जनवरी शाम उनके छोटे भाई सोमदत्त आर्य उनके दुकान के पास खड़े थे। गांव दुर्जन नगला निवासी राकेश यादव और उनका भांजा जला फर्रुखाबाद के थाना कंपिल क्षेत्र के गांव कुबद्दी नगर निवासी शीलू यादव डंडे लेकर आए। बाइक से टक्कर मारने के बाद सोमदत्त को पीटने लगे। चाकू से हमला किया, जो कुलदीपक को लगा। वह घायल हुए। पुलिस ने आरोपी मामा-भांजे पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## शहर में आज

- परिवार परामर्श केंद्र की बैठक पुलिस कार्यालय सभागार में सुबह 10 बजे से।
- दिव्य अलौकिक समर्पण समारोह एसएस ग्रीन फार्म में सुबह 10 बजे से।
- संत निरंकारी सत्संग शहर के सोरों गेट स्थित हरप्यारी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भपरिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।

## एक नजर

### गंजडुंडवारा में आज बाधित रहेगी बिजली

**गंजडुंडवारा।** कस्बे में 33 केवीए लाइन के अनुरक्षण कार्य के लिए विद्युत उपकेंद्र सुजावलपुर और सिढ़पुरा उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति रविवार सुबह 10 से शाम चार बजे तक बाधित रहेगी। एसडीओ महावीर सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### चोरी की बाइक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** सहावर थाना पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास चोरी की बाइक बरामद हुई। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी सुरजीत निवासी मोहल्ला भीमनगर सहावर गेट कासगंज को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेजा है।

### ई-रिक्शा का पंजीकरण कर नंबर जारी किए

**गंजडुंडवारा :** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन पर यातायात पुलिस ने शनिवार को कस्बा में ई–रिक्शों का पंजीकरण कर नंबर जारी किए। पटियाली रोड स्थित सब्जी मंडी के पास कस्बे के सभी ई–रिक्शा चालकों को बुलाया गया। यातायात पुलिस ने उनके आधार कार्ड लेकर ई–रिक्शा पर नबंर अंकित किए गए। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया, जिससे अपराध पर लगाम लगाई जा सके। अब ई–रिक्शा को नंबर के जरिए तलाश जा सकता है।

### पुलिस ने वारंटी दबोचा

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी राजेश निवासी गांव अल्हैपुर थाना गंजडुंडवारा को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।


शहीद रमेश चंद्र के पार्थिव शरीर को कांधा देकर अंतिम विदाई देते सेना के जवान। ● अमृत विचार


शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# हजारों नम आंखों ने दी शहीद सैनिक को अंतिम विदाई

## शहीद का पार्थिव शरीर लेकर सेना के जवान पहुंचे पैतृक गांव, जिसने सुना वही अंतिम दर्शन के लिए दौड़ पड़ा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** मणिपुर सीमा पर गोलीबारी में शहीद हुए सैनिक रमेशचंद्र यादव का पार्थिव शरीर शनिवार को उनके पैतृक गांव नौरथा लाया गया। पत्नी और बच्चों को बिलखता देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। आगरा से सेना की टुकड़ी शहीद का पार्थिव शरीर लेकर पहुंची। जहां सेना के जवानों ने अंतिम सलामी दी। पुलिस अधिकारी व सैनिक कल्याण विभाग के कर्मचारी भी अंतिम सलामी देने पहुंचे। अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल रहे।

कासगंज के गांव नौरथा निवासी रमेश चंद्र असम राइफल बटालियन में जूनियर कमीशन अधिकारी के पद पर तैनात थे। उनकी तैनाती मणिपुर सीमा पर थी। 24 जनवरी को सीमा पर फायरिंग के दौरान गोली लगने से रमेश चंद्र सहित 6 जवान घायल हो गये थे। घायल रमेश चंद्र को इलाज के लिए सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को रमेश चंद्र ने दम तोड़ दिया। परिजनों को इसकी सूचना शुक्रवार को मिली थी।

शनिवार सुबह सेना के जवान शहीद रमेश चंद्र का शव लेकर कासगंज के नौरथा गांव पहुंची। जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।


शहीद रमेश चंद्र को अंतिम सलामी देते सेना के जवान। ● अमृत विचार


शहीद के बेटे को तिरंगा भेंट करते सेना के अधिकारी। ● अमृत विचार

▶▶ **मणिपुर सीमा पर फायरिंग में गोली लगने से घायल हुए थे रमेश चंद्र, अस्पताल में दम तोड़ा**

अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

**पापा हमें आप पर गर्व है :** शहीद रमेश चंद्र के एक बेटा और बेटियां हैं। बेटा-बेटियों ने भी पिता को अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार के समय उन्हें सेल्यूट किया। कहा- हमें गर्व है पापा आप सेना में ड्यूटी के दौरान देश के लिए अपना फर्ज निभाया।


शहीद की चिता को मुखाग्नि देता बेटा। ● अमृत विचार


शहीद रमेश चंद्र को फूलमाला चढ़ाते बेटा–बेटी। ● अमृत विचार


शहीद के घर के बाहर बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# अमांपुर के सुलहपुर गांव में तनाव, पुलिस-पीएसी तैनात


सुलहपुर गांव में तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▶▶ **दोनों पक्ष एक ही बिरादरी के होने से विवाद होने की आशंका**

▶▶ **गलियों में पसरा रहा सन्नाटा चौपालों में चर्चा करते रहे लोग**

**अमृत विचारः** किशोरी को ले जाने के आरोपी के अमांपुर थाने में आत्महत्या की कोशिश करने के बाद बवाल होने से सुलहपुर गांव में तनाव है। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई है। गांव के हालात पर अधिकारी भी नजर बनाए हुए हैं।

अमापुर थाना क्षेत्र के गांव सुलहपुर निवासी गौरव कुमार बिरादरी की किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया था। इस पर तीन फरवरी को पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी गौरव को हिरासत में लिया था। शुक्रवार सुबह थाने में उसने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उसका अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। जहां उसकी हालत में कुछ सुधार बताया जाता है।

उधर, घटना का पता लगने पर गुस्सा परिजनों व ग्रामीणों ने थाने जाकर हंगामा किया। पुलिस ने भीड़ को जबरन बाहर निकालने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की होने लगी। पुलिस ने लाठीचार्ज किया तो भीड़ ने पथराव कर दिया। लोगों का आरोप है कि लड़की पक्ष के इशारे पर पुलिस ने गौरव को प्रताड़ित किया था। वहीं, आरोपी गौरव के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने किशोरी पक्ष के दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है, जिसमें अज्ञात पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।

चूंकि दोनों पक्ष सुलहपुर गांव के रहने वाले हैं, जिससे शनिवार दूसरे दिन भी गांव में तनाव बना रहा। गांव में दो पाले खिंच गए हैं। कुछ लोग किशोरी पक्ष की ओर हैं तो कुछ आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक के परिजनों के समर्थन में हैं। शनिवार को सुलहपुर में तनावपूर्ण माहौल के बीच गलियों में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि चौपालों पर बैठे लोग इसी घटना को लेकर चर्चाओं में लगे रहे।

### अमांपुर पहुंचे आईजी हालात का जायजा लिया

**कासगंज।** अमापुर थाने में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद से पुलिस अधिकारी खासे अलर्ट हैं। अधिकारी हर पहलू पर बिंदुवार जांच कर रहे हैं। आईजी शलभ माथुर शनिवार को दोपहर बाद अमांपुर थाने पहुंचे। जहां उन्होंने पहले माहौल का जायजा लिया। इस दौरान अधीनस्थों को शांति व्यवस्था कायम रखने के निर्देश दिए। एसपी अपर्णा रजत कौशिक जांच के हर पहलू पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। एएसपी ने अलग–अलग पहलुओं पर अपनी रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है। जहां एक तरफ गांव में तनाव का माहौल है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस संजीदगी दिखा रही है। उधर, आईजी ने कासगंज में डेरा जमा लिया है। उन्होंने एसपी को निर्देश दिए कि हर हाल में घटना की जांच समय रहते पूरी कर ली जाए। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि हर पहलू पर जांच की जा रही है। एएसपी को निर्देशित किया गया है कि समय से जांच करें और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## परिवार नियोजन के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

**अमांपुर।** कस्बा के प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को परिवार नियोजन के तहत नसबंदी शिविर लगाया गया। जिसमें 40 महिलाओं ने पंजीकरण कराया। इसमें से 38 महिलाओं की नसबंदी की गई। सभी महिलाओं को एंबुलेंस 102 के माध्यम से भेजा गया। नसबंदी डॉ. नीरेंद्र कुमार, डा. पल्लवी के द्वारा किए गए। इससे पूर्व सभी महिलाओं के ब्लड शुगर व हीमोग्लोबिन सहित कई जांचे हुई। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. संदीप राजपूत ने बताया कि महिलाएं परिवार नियोजन के प्रति काफी जागरूक है। नरेश कुमार, राहुल कुमार. आलोक पचौरी, गौरव तोमर, सजय यादव, शिवेंद्र कुमार, दिलीप गुप्ता, जुगेन्द्र पाल सिंह, फार्मासिस्ट ग्रीश चन्द्र मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में शिक्षक सहित तीन लोग घायल


गंजडुंडवारा सीएचसी में घायल शिक्षक का इलाज करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली व गंजडुंडवारा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक शिक्षक सहित तीन लोग घायल हो गए।

पटियाली विकास खंड के गांव नरथर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक विजेंद्र राजपूत शनिवार सुबह बाइक पर अपने स्कूल जा रहे थे। रास्ते में रामछितौनी के पास उनकी बाइक में तेज रफ्तार कार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। उन्हें गंजडुंडवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं, कासगंज-सहावर रोड स्थित परतापुर चौराहे पर तेज रफ्तार बाइक जेसीबी में जा घुसी। इससे बाइक सवार शहर की गंगेश्वर कॉलोनी निवासी कुलदीप व आकाश घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया है।

# यतेंद्र अध्यक्ष और सुशील मंत्री चुने गए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते चुनाव अधिकारी संदीप बड़ौला।

▶▶ **डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न**

**अमृत विचार :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन शाखा कासगंज द्विवार्षिक चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। यतेंद्र सिंह यादव अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अन्य पदों के लिए भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूला माला पहनकार स्वागत किया गया। नए पदाधिकारियों ने संगठन के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय अध्यक्ष संदीप बड़ौला व सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल, एसीएमओ बीना रानी की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव से पहले निर्णय लिया गया कि पदाधिकारियों का चयन आपसी सहमति से किया जाए। इसके बाद अध्यक्ष पद यतेंद्र सिंह यादव, मंत्री पद के लिए सुशील कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए पंकज कुमार गौतम, उपाध्यक्ष पद के लिए संजीव कुमार यादव, कोषाध्यक्ष पूरन सिंह, संगठन मंत्री प्रदीप भारद्वाज, संयुक्त मंत्री तुर्सन पाल सिंह एवं ऑडिटर के लिए मनोज कुमार के नाम पर सहमति बनी। इसी आधार पर चुनाव अधिकारियों ने नए पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अंजुल वर्मा, दुर्गपाल सिंह, वीरेंद्र यादव, सुरेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, महावीद सिंह, कैलाश बाबू, प्रवीन कुमार, आशिक मोहम्मद, रिया मोहम्मद, फैजल, यशपाल हरीश यादव को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि वह पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ मिलकर कर्मचारियों और संगठन के हित में कार्य करते रहेंगे।

इस दौरान नेत्रपाल, यशपाल, वीरेंद्र यादव, राजकुमार, उमेश, राहुल भारद्वाज, धर्मेंद्र, नीतेश शर्मा, रमेश, चंद्र, अजय कुमार, विनोद यादव, ओपी, विश्व रतन, एसपी सिंह, नेत्रपाल सिंह, हेमेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह कुशवाह, प्रदीप मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल से जोड़े जाएंगे छोटे और मझोले व्यापारी, बढ़ेगी ताकत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


बैठक के दौरान जिला प्रभारी दीपक गुप्ता का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

▶▶ **बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने किया जिला प्रभारी का स्वागत**

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार मंडल की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को सहावर गेट स्थित सराफा कारोबारी के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक में व्यापार मंडल की गतिविधियों को बढ़ाने और संगठन को और मजबूती देने पर चर्चा की गई। नवनियुक्त जिला प्रभारी का व्यापारियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि जिले में व्यापार मंडल पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रहा है। इसे मजबूत करने के लिए छोटे और मझोले व्यापारियों की संगठन में सक्रियता बढ़ाई जाए। जिला प्रभारी दीपक गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल की गतिविधियों को और अधिक तेज किया जाएगा। नगर अध्यक्ष जितेंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि दीपक गुप्ता के जिला प्रभारी बनने से संगठन को और अधिक बल मिला है। अब संगठन को नई दिशा मिलेगी। व्यापारियों ने दीपक गुप्ता का फूला माला पहनाकर स्वागत किया। दीपक गुप्ता ने अपने स्वागत के लिए व्यापारियों का आभार जताया है। बैठक का संचालन डा. फारूख ने किया। इसमें शिवकुमार भारद्वाज, शिवम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अरविंद वार्ष्णेय, किशोर अग्रवाल, राहुल बिडला, विवेक वर्मा, सुशील वर्मा, अवनीश चौहान, नसीम, चांद मियां, श्रंगार टेलर, अजय डांगरा मौजूद रहे।

# बेहतर भविष्य के लिए सभी परीक्षाओं को गंभीरता से लें

संवाददाता, सोरोंजी


विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर विदाई देते प्रबंधक विवेक राजपूत व अतिथि।

▶▶ **स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई**

**अमृत विचार :** सोरों के प्रहलादपुर स्थित एनआर पब्लिक स्कूल में शनिवार को बोर्ड के परीक्षार्थियों को कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। इस मौके पर विशेषज्ञों ने परीक्षा में सफलता के गुर बताए।

कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधक विवेक राजपूत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर आरंभ किया। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं को गंभीरता से लें। यह परीक्षाएं कैरियर के लिए बहुत जरूरी है। विशेषकर इंटर के परीक्षार्थी इन परीक्षाओं में अव्वल अंक लाकर आगे का लक्ष्य निर्धारित करें। डॉ. अभिषेक भारद्वाज ने आगामी कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन में शारीरिक शिक्षक कुलदीप शर्मा और पी सिंह का योगदान रहा। मुख्य भूमिका कोऑर्डिनेटर पी सिंह राजपूत और कंप्यूटर विभाग के प्रमुख शिक्षक भूपेंद्र कुमार की रही। हेड ब्वाय उमेश कुमार व हेड गर्ल आकांक्षा मौर्य रहे। अमित उपाध्याय, मोह प्रकाश, जवाहर सिंह, जतिन जोहरी, खुशबू तिवारी, अंकुर गौड, भावना, अनीता, राजीव, अनामिका, सुमन, रिचा, कायनात, अवधेश, कार्तिकेय, दीपक, चाहत, खुश्बू, अर्चना, ज्योत्सना सिंह, संगीता, ज्योति, साक्षी, सना, रिदा, पूनम, वीना, सपना, शिवानी, पूजा, साक्षी मौजूद रही।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11




# पात्रों को दिलाएं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में योजनाओं को लेकर हुई चर्चा

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की बैठक कासगंज-सोरों मार्ग स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर हुई। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने मंडल प्रभारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को पात्रों तक पहुंचाकर उन्हें लाभन्वित करें।

ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. खूब सिंह लोधी ने कहा कि ओबीसी मोर्चा के सभी मण्डल अध्यक्ष अपने अपने मंडलों में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में बताएं। उन्होंने बताया कि इस योजना में ताला बनाने वाले नाई, मालाकार, धोबी, मोची, जूता बनाने वाले कारीगर, दर्जी, पत्थर तोड़ने वाले कारीगर, खिलौना निर्माताओं को लाभान्वित किया जाएगा। अधिक से अधिक पात्रों के फार्म जनसेवा केंद्र के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराएं, जिससे जरूरतमंद पात्रों को योजना का लाभ मिल सके।



भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में चर्चा करते जिलाध्यक्ष डॉ. खूब सिंह लोधी व अन्य।

▸▸ **मंडल प्रभारियों को जिला प्रभारी ने दी जिम्मेदारी**

▸▸ **योजना का लाभ पाने को करना होगा ऑनलाइन आवेदन**

इस दौरान कासगंज विधानसभा विस्तारक ब्रज किशोर कुशवाह, डॉ. कवेंद्र सिंह, एके सिंह यादव, एदल सिंह, गौरव पाल, गिरिराज किशोर, भोजराज सिंह, कपिल लोधी, धीरेंद्र कश्यप, वीरेश कुमार, टिंकू शाक्य, हारून, संजय नायक, समीर, अहमद, चाँदबीबी, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## चुनाव में बूथ पदाधिकारियों की होगी अहम जिम्मेदारी

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शहर के क्रय विक्रय समिति बूथ पर बूथ कार्यकर्ताओं को दायित्वों का बोध कराया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान बूथ पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई।

पूर्व सभासद अमित राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चलो गांव की ओर अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके माध्यम से सरकार की योजनाओं और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।


कार्यक्रम के दौरान सरकार की योजनाओं का पोस्टर दिखाते बूथ पदाधिकारी।

▸▸ **चलो गांव की ओर प्रवासी कार्यक्रम के तहत क्रय विक्रय समिति बूथ पर लगाई बूथ चौपाल**

▸▸ **प्रवासियों ने सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को कार्यकर्ताओं से की अपील**

समाज का प्रत्येक वर्ग सरकार की योजनाओं का लाभ ले सके इसके लिए कार्यकर्ता लोगों तक पहुंचे और उन्हें सरकार की योजनाएं बताएं। पात्रों को हर संभव लाभ दिलाने के लिए उनका सहयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। अब कार्यकर्ता घरों में न बैठें। लोकसभा चुनाव की तैयारियों जुट जाएं। सोहन लाल, जमुना प्रसाद बघेल, दीपक कुमार, शिवकुमार, सरोज, राजू पंडित, प्रबल प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# सीनियर वर्ग की दो सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** अमांपुर मंडल की सांसद खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को मक्खन लाल इंटर कॉलेज के मैदान पर हुई। प्रतियोगिता की समाप्ति पर विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

शुरूआत में मक्खन लाल इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गान पेश किया। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर व ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरंभ की। पहले दिन सीनियर वर्ग की 200 मीटर दौड़ हुई। संचालक पीटीआई मुनेश राजपूत ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि शारीरिक और विकास के लिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडल, ब्लॉक और जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं से आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। आखिर में विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।


प्रशस्ति पत्र व मेडल दिखाते सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता। ● अमृत विचार

▸▸ **अमांपुर मंडल की सांसद खेल कूद प्रतियोगिता आरंभ**

इस दौरान अर्चना गर्ग, संजय सोलंकी, रुद्र प्रताप सिंह सोलंकी, डा. केत सिंह वर्मा, कृष्णा राजपूत, धर्मेश फौजी, धीरज गुप्ता,अखिलेश कुमार, ममता राजपूत, डा. भगवान सिंह, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, मुन्नालाल जाटव, डा. रामलाल वर्मा, बृजेश गंगवार, राजेंद्र सिंह, दीनदयाल सिंह, राजीव अग्रवाल, अनिल कुमार मौर्य, कुमकुम गर्ग मधुबाला आदि मौजूद रहे।

## जिले में दो किशोरियां लापता, अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**जैथरा, अमृत विचार :** जैथरा थाना क्षेत्र के कस्बा धुमरी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 7 फरवरी से लापता है। उन्होंने तलाश किया तो पता चला कि उसे कस्बे का एक युवक बला फुसलाकर ले गया। उसकी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, जलेसर क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 साल की बेटी इंटर कॉलेज में पढ़ती है। वह कॉलेज जाने को कहकर घरसे निकली थी। तभी उसे जनपद फिरोजाबाद के मकसेला थाना क्षेत्र के ग्राम सिढामई निवासी रंजीत बहला फुसलाकर ले गया। उसने आरोपित के खिलाफ जलेसर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। पुलिस आरोपित और किशोरी की तलाश कर रही है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों को बताए मानसिक रोग के लक्षण और उपचार



**कासगंज।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शनिवार को राजकीय हाईस्कूल भिटौना और नगला खंजी के बलदेव बिहारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला हुई। इसमें विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक रोग के लक्षण और प्रकार बताए। मनो सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र कुमार, साइकेट्रिक नर्स अरुण कुमार, अर्श काउंसलर शुभम पचौरी ने विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों के मनोवैज्ञानिक व सामाजिक कारण, उपचार, विद्यार्थियों के समक्ष लाइफ स्किल, क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिव थिंकिंग, डिसीजन मेकिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल, कम्युनिकेशन स्किल, दुआ से दवा, कोपिंग स्किल पर विस्तार से परिचर्चा की गई। इसके बाद जिला मानसिक टीम के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बच्चों ने दिए। इस दौरान विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद रहे। विद्यालय के प्रत्येक क्लास से छात्राओं को मनदूत- मनपरी का चयन किया गया। साथ ही उन्हें पुरस्कृत किया गया।

### गंजडुंडवारा में रोडवेज बस स्टैंड बने



**कासगंज।** जिलाध्यक्ष शमीम अहमद अल्वी के नेतृत्व में अपना दल एस के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को लखनऊ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। उन्होंने जिले के औद्योगिक कस्बा गंजडुंडवारा में रोडवेज बस स्टैंड बनाए जाने व अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। उप मुख्यमंत्री को जिलाध्यक्ष ने बताया कि गंजडुंडवारा में परिवहन निगम की बसों का आना जाना है, लेकिन वहां बस स्टैंड नहीं है। इससे बसों के खड़े होने के लिए स्थान नहीं होता है, जिससे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गंजडुंडवारा में जरी-जरदौजी का बढ़ा कारोबार है। दूरस्थ क्षेत्रों से लोग यहां व्यापारिक उद्देश्य के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान डॉ. राजकुमार वर्मा, गिरिश चंद्र, मुबीन अहमद, अफल अब्बासी आदि मौजूद रहे।

### जीवन समर्पित कर हो सकता है दुखों का अंत



**कासगंज।** यूरोपीयन एवं मध्य पूर्वी देश की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका व निदेशिका राजयोगनी जयंती दीदी ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि विश्व में फैली अशांति और दुखों का परमात्मा को जीवन समर्पित करने से अंत हो सकता है। राजयोगनी शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय में रविवार को होने वाले दिव्य अलौकिक समर्पण समारोह में शामिल होने आई हैं। राजयोगनी जयंती दीदी ने कहा कि दिव्य अलौकिक समर्पण समारोह विश्व परिवर्तन के महान लक्ष्य को लेकर अपने जीवन को परमात्मा शिव को समर्पित करने का अद्भुत उत्सव है। उन्होंने बताया कि प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय के सानिध्य में शहर की बहन प्रीति, ललितेश, पूनम, रूबी, नीरज, अनीता, सुशीला, आरती और प्रीति अपने माता-पिता की सहमति से त्याग तपस्या और सेवा के मार्ग पर अपना कदम आगे बढ़ा रही हैं। सभी बाल ब्रह्मचारिणी कन्याएं अपना जीवन विश्व नवनिर्माण के कार्य में सर्वशक्तिमान परमात्मा शिव को समर्पण करने जा रही है। समारोह रविवार को सुबह 10 बजे से शहर के नदरई गेट स्थित सूरज शांति बिहार में एसएस ग्रीन फार्म में होगा।

### गांव से बाइक ले गए चोर, रिपोर्ट

**जैथरा, अमृत विचार :** ग्राम जमौ निवासी रामवीर सिंह ने बताया कि उनकी बाइक गांव में खड़ी थी। इसी दौरान चोर उनकी बाइक लेकर चंपत हो गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज लिया है।

### आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास



**कासगंज।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उपवास रखकर केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जेल से शीघ्र रिहाई की मांग की। उपवास के दौरान शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोज कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार का तानाशाही पूर्ण रवैया सभी विपक्षी दलों के नेताओं को अपमानित कर रहा है। उनके यहां ईडी के छापे डलवाए जाते हैं। झूठे केसों में फंसाकर जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप नेता संजय सिंह एवं मनीष सिसौदिया के साथ भी ऐसा ही हुआ है। अन्य नेताओं के साथ भी सरकार दमनात्मक रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शनिवार को आप कार्यकर्ता उपवास पर हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार विरोध नारेबाजी करते हुए निर्दोष जेल में बंद संजय सिंह को रिहा किए जाने की मांग की। इस दौरान मीडिया प्रभारी संतोष राजपूत, आदित्य गुप्ता आदि रहे।

### मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हो गए। शहरी में कचहरी पुलिया के पास दो पक्षों की महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें कइयों को चोटें आई हैं। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं, कोतवाली नगर क्षेत्र के मारहरा दरवाजा निवासी अनिल दिवाकर का कहना है कि शहर की रामा कॉलोनी के मोनू समेत दो लोगों ने पीड़ित व उसके चचेरे भाई के साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। हत्या के इरादे से फायरिंग की। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मारहरा थाना क्षेत्र के गांव गोपाल निवासी गायत्री पत्नी उदय सिंह का कहना है कि गांव के नेपाल सिंह समेत चार लोगों ने उसके देवर से मारपीट की और घर का दरवाजा तोड़ दिया। उधर बागवाला थाना क्षेत्र के गांव मानिकपुर निवासी राहुल शर्मा का कहना है कि गांव के चोब सिंह समेत चार लोगों ने उसे पीटकर घायल कर दिया।

### पति की पिटाई से क्षुब्ध महिला ने जहर खाया

**एटा।** कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला जनकपुरी में पति की पिटाई से क्षुब्ध होकर एक महिला ने जहर खा लिया। शहर के मोहल्ला जनकपुरी निवासी पूजा (25) का पति रिंकू शराब पीने का आदी है। वह आए दिन शराब पीकर घर में झगड़ा करता है। जबकि उसकी पत्नी इसका विरोध करती है। शुक्रवार देर रात रिंकू शराब के नशे में टुन्न होकर घर पहुंचा। उसकी पत्नी पूजा ने विरोध किया तो उसकी रिंकू ने पिटाई कर दी। इससे क्षुब्ध होकर पूजा ने शुक्रवार रात जहर खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। नगर के कैलाश मंदिर के समीप रहने वाली नीरज पत्नी सत्यदेव ने उसे रात के 9 बजे मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत नाजुक देखकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### कल नइरई रेलवे पुल की ओर न जाएं

**कासगंज।** पूर्वोत्तर रेलवे नदरई स्थित पुल संख्या 402 पर सोमवार 12 फरवरी को निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कारण कासगंज-एटा मार्ग पर सड़क यातायात बाधित रहेगा। इस दौरान कासगंज-एटा के बीच चलने वाले वाहनों को अमरपुर बाईपास से गुजरा जाएगा। रेलवे सेक्शन इंजीनियर कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार कासगंज-मारहरा स्टेशनों के मध्य कासगंज-एटा रोड पर नदरई स्थित रेलवे पुल संख्या 402 पर सोमवार 12 फरवरी को आरएच गार्डर लॉंचिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य सुबह 11 से शाम छह बजे तक होगा। कार्य के चलते नदरई पुल से गुजरने वाला सड़क यातायात बंद रहेगा। इस दौरान यातायात डायवर्जन करके वाहनों को निकाला जाएगा।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सजग है पुलिस


महिलाओं सुरक्षा संबंधी जानकारी देते मिशन जागृति टीम के सदस्य।

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन की ओर से ऑपरेशन जागृति अभियान चलाया गया है। इसके तहत महिलाओं को जन चौपाल लगाकर सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में शनिवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के बारे में बताया गया। बालिकाओं के साथ हो रहे साइबर हिंसा के बारे में जागरूक किया। पीड़ित महिलाओं को काउंसलिंग व रेफरल सुविधा उपलब्ध करानं एवं पोक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। झूठे मुकदमों से होने वाली क्षति के बारे में बताया गया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के दुरुपयोग व यौन शोषण को पहचानने तथा बिना डरे रिपोर्ट कराने के लिए जागृत किया गया। महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 112, 1076, 1090, 1930, 1098, 102, 108 की जानकारी दी गई। इसके अलावा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया।

▸▸ **जन चौपाल लगाकर महिलाओं को दी सुरक्षा योजनाओं की जानकारी**

## दहेज की खातिर विवाहिता का उत्पीड़न, रिपोर्ट

**अलीगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झकरई निवासी कृष्ण कुमार ने अपनी बेटी अंजू की शादी कासगंज के सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के गांव नगला महमूद निवासी अंकित पुत्र नवीन कुमार के साथ की थी।

आरोप है कि शादी में दिए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं हुए। अंजू के ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर अंजू के साथ मारपीट कर उत्पीड़न किया जाने लगा। अंजू की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति अंकित समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अजय ब्लॉक अध्यक्ष व रामौतार महामंत्री चुने गए

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** विकास खंड गंजडुंडवारा में शनिवार को पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न् हुआ। इसमें अजय कुमार ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए। अन्य पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नए पदाधिकारियों का फूला माला पहनाकर स्वागत किया गया।

विकास खंड गंजडुंडवारा के संयोजक रामौतार सिंह ने शुरूआत में पांच पदों पर नामांकन पत्र वितरित किए। ब्लॉक अध्यक्ष गंजडुंडवारा पद पर अजय कुमार, महामंत्री रामौतार सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, ब्लाक संगठन मंत्री के पद पर मुकेश कुमार और ब्लॉक संप्रेक्षक पद पर रामेश्वर दयाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रत्येक पद पर एक ही नामांकन दाखिल होने से सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।


पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

▸▸ **गंजडुंडवारा विकास खंड में सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव निर्विरोध संपन्न**

इसके बाद रंजीत कुमार को ब्लॉक प्रभारी गंजडुंडवारा के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। नदीम अख़्तर जिला संयुक्त मंत्री, उदयवीर सिंह ब्लाक अध्यक्ष पटियाली, दौलत सिंह ब्लाक अध्यक्ष सिढपुरा, खेतपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सहावर, मनोज कुमार संजीव कुमार, लालाराम, सुमन देवी, भगवती प्रसाद, रामसनेही, जावेद अख्तर प्रेमपाल, राजवीर सिंह, अनिल कुमार, सर्वजन, राजू, आशीश, इतलेशा, पुष्पेंद्र, एवरन सिंह मौजूद रहे।

